प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दो दिवसीय जापान दौरे के पहले दिन उत्तर प्रदेश को मिले 11 हज़ार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव : मुख्यमंत्री ने टोक्यो में किया भव्य रोड शो।
2. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज अयोध्या में श्री रामलला और हनुमान गढ़ी में किया दर्शन पूजन : किसानों की समृद्धि को बताया सरकार का संकल्प।
3. उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस समारोह को किया संबोधित : कहा– इटावा में हाईवे पर जल्द बनेगा ट्रामा सेंटर।

और

4. बरसाना में उत्साह और उमंग के साथ खेली गइ लट्ठमार होली : वाराणसी में रंगभरी एकादशी को लेकर काशी विश्वनाथ मंदिर में विशेष तैयारियां।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर के बाद आज दो दिवसीय दौरे पर जापान पहुंचे। पहले दिन मुख्यमंत्री ने जापान की प्रमुख कंपनियों के अधिकारियों के साथ मुलाकात की। इस दौरान अलग–अलग कंपनियों के साथ लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर

हस्ताक्षर किए गए। ये समझौते कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी निर्माण हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट जैसे अलग–अलग क्षेत्रों से जुड़े हैं। मुख्यमंत्री ने टोक्यो में आयोजित वृहद यूपी निवेश रोड शो में कहा कि उत्तर प्रदेश आज सुरक्षित माहौल, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, बड़ी बाजार क्षमता और युवा कार्यबल के कारण निवेश के लिए भारत का सबसे बेहतर राज्य बनकर उभरा है। बाइट......

*उत्तर प्रदेश में आपका निवेश इसलिए भी सुरक्षित है क्योंकि उत्तर प्रदेश में एक सुरक्षित वातावरण है, स्केल है तो उस स्केल को स्किल में बदलने की सामर्थ्य भी है, स्टेबिलिटी है, स्पीड है, यह सभी कुछ आपको उत्तर प्रदेश के अंदर देखने को मिलेगा।*

भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक संबंधों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रामायण सर्किट और बौद्ध सर्किट विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान राम और भगवान बुद्ध का संबंध सूर्यवंश से था, जिसका जुड़ाव जापान से भी है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश के अंदर स्पिरिचुअल टूरिज्म को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में रामायण सर्किट के साथ–साथ बौद्ध सर्किट के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक हमारी सरकार उत्तर प्रदेश के अंदर प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। जब भगवान राम की बात होगी, भगवान बुद्ध की बात होगी तो स्वाभाविक रूप से इन दोनों का संबंध सूर्य वंश की उस महान परंपरा से है जिस सूर्य की प्रथम किरण का उदय होने का इंतजार हमेशा जापान वासियों को होता है।*

मुख्यमंत्री ने आज जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी से मुलाकात की और भारत–जापान के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी साझेदारी को बढ़ावा देने को लेकर चर्चा की। टोक्यो में मुख्यमंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों के साथ संवाद भी किया।

————————

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज अयोध्या में श्री रामलला और हनुमान गढ़ी में हनुमान जी का दर्शन पूजन किया। केंद्रीय मंत्री ने कृषि विज्ञान केंद्र का दौरा भी किया। मीडिया से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि असली नीतियां खेतों के साथ–साथ किसानों के बीच बनती हैं। नई बीज किस्मों, इंटरक्रॉपिंग और एकीकृत खेती के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अन्नदाता की समृद्धि ही सरकार का संकल्प है। बाइट.......

*केवल गेहूं या धान या गन्ने की अकेले खेती ना करें। उसके साथ फल, सब्जियां, फूल, औषधि खेती अलग–अलग तरह के कई काम करें तो किसानों की आय बढ़ती है। हमारा उद्देश्य है देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, पोषण युक्त आहार सबको मिले और किसान की आमदनी बढ़े। यहां लगातार योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सरकार भी बहुत बेहतर काम कर रही है।*

————————

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में एआई का प्रभाव बढ़ने वाला है जिसे देखते हुए

स्वास्थ्य मंत्रालय ने दो पहल की हैं। श्री नड्डा ने कल गाजियाबाद में एक अस्पताल में एआई आधारित ई–आईसीयू कमांड सेंटर की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने बताया कि 'सही' नाम से एक पोर्टल लांच किया गया है, जिसमें पैरामीटर को मॉनिटर करने का प्रयास किया गया है, ताकि एआई का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ हो सके। बाइट......

*हमारे स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी दो इनिशिएटिव लिए हैं। एक स्ट्रेटजी फॉर एआई हेल्थ केयर इंडिया सही नाम से एक पोर्टल लॉन्च किया है जिसमें हमने पैरामीटर्स को मॉनिटर करने का प्रयास किया है। एक हमने बेंचमार्किंग टूल फॉर हेल्थ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सॉल्यूशंस बोध इसको भी लॉन्च किया है जो एआई एप्लीकेशन को टेस्ट करेगा और वैलिडेट करेगा।*

————————————

इटावा स्थित सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यहां हाईवे पर दुर्घटनाओं के कारण मरीजों को अस्पताल तक लाने में दिक्कत होती है। इसलिए हाईवे पर ही एक बड़ा ट्रामा सेंटर बनेगा, जिसका संचालन सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा किया जाएगा। बाइट......

*हमारी प्रतिबद्धता मरीजों के प्रति है, उत्तर प्रदेश के लोगों के प्रति है। इटावा और आस–पास जनपदों के सभी मरीजों को बेहतर क्वालिटी हेल्थ सर्विसेज यहां मिले उसको सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा हाईवे पर*

*बड़ी संख्या में दुर्घटनाओं के कारण मरीजों को यहां आना पड़ता है। तो आज हमने तय किया है और हमने घोषणा भी की है कि हाईवे पर एक बड़ा ट्रामा सेंटर बनेगा जिसको सफाई आयुर्वेद संस्थान चलाएगा और उसके लिए प्रस्ताव मांग लिया है। इसको शीघ्र से शीघ्र स्वीकृत किया जाए।*

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

लखनऊ में जनगणना कार्यों के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। प्रदेश की जनगणना कार्य निदेशक शीतल वर्मा और नगर निकाय के निदेशक अनुज झा ने इसकी अध्यक्षता की। बैठक में प्रदेश के सभी नगर निगमों के नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त एवं जोनल अधिकारी शामिल हुए।

————————

प्रदेश की नदियों में संचालित पंजीकृत नावों के नाविकों और यात्रियों की सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट का वितरण किया जाएगा। प्रदेश के राहत आयुक्त डॉक्टर

हृषिकेश भास्कर यशोद ने बताया कि पीएसी द्वारा निविदा आमंत्रित करते हुए 38 जनपदों के 811 घाटों पर संचालित 4 हजार 175 पंजीकृत नौकाओं के लिए 66 हजार 77 लाइफ जैकेट खरीदी गई है। उन्होंने कहा कि संबंधित जनपदों के अपर जिलाधिकारी वित्त और राजस्व को नोडल अधिकारी नामित करते हुए 15 दिनों के भीतर स्थानीय जन प्रतिनिधियों के सामने लाइफ जैकेट वितरित करने का निर्देश दिया गया है।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 फरवरी को मन की बात कार्यक्रम में टी–20 विश्व कप में खेलने वाली कई टीमों में शामिल भारतीय मूल के खिलाड़ियों का जिक्र किया था इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने ओमान टीम से खलने वाले विनायक शुक्ला का भी नाम लिया था। विनायक कानपुर के श्यामनगर के रहने वाले है, उनके पिता जीतेन्द्र शुक्ला ने प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम में उनके बेटे का जिक्र किए जाने को गर्व का पल बताया है। बाइट.....

*मुझे बड़ा गर्व है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उस प्रतिभा को पहचानते हुए अपने मन की बात में उसका जिक्र किया। अपार प्रसन्नता हुई हमारे सभी पारिवारिक सदस्यों को।*

———————

मथुरा के बरसाना में आज लट्ठमार होली बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ खेली गई। राधारानी रुपी

गोपियों ने नंदगाँव के हुरियारों पर जमकर लाठियां बरसाईं। बरसाना की इस अनोखी लट्ठमार होली को देखने के लिए देश के कोने–कोने से श्रद्धालु यहां आते है। एक रिपोर्ट......

*समूचे ब्रज क्षेत्र में होली का उत्साह और उमंग देखने को मिल रहा है आज प्राचीन परंपरा के तहत लट्ठमार होली खेली गई। बरसाना में राधा रुपी गोपियों ने नंदगाँव के कृष्ण रुपी हुरियारे पर लाठियां बरसाईं, जिसका बचाव हुरियारों ने अपने साथ लाई ढाल से किया। इस दौरान होली गीत भी गाए जाते है। ब्रज में चालीस दिन तक चलने वाले होली उत्सव में लट्ठमार होली का विशेष महत्व है। मान्यता है कि बरसाने की महिलाओं की लाठी जिसके सिर पर छू जाए वो सौभाग्यशाली होता है। मो0 उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार, मथुरा।*

वहीं वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में 27 फरवरी को मनाई जाने वाली रंगभरी एकादशी को लेकर विशेष तैयारियां की गई है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि इस वर्ष आयोजन में कई परिवर्तन किये गये है। उन्होंने बताया कि इस बार शिर्वाचनम मंच पर कार्यक्रमों के दौरान अबीर–गुलाल के स्थान पर फूलों की होली आयोजित की जायेगी।

———————————

प्रदेश का अधिकतम और न्यूनतम तापमान इस सप्ताह के दौरान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। मौसम

विभाग के मुताबिक आगामी तीन मार्च तक मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है।

(समाप्त)